WWW.SARKARIDISHA.COM

[RRB Railway Group D Syllabus]

कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) :

सभी पात्र उम्मीदवारों को आरआरबी/आरआरसी की वेबसाइट से डाउनलोड किए हुए ई-कॉल लेटर के अनुसार निर्दिष्ट तिथि, समय और स्थान पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा में भाग लेना होगा। ई-कॉल लेटर डाउनलोड की सूचना वेबसाइट के साथ-साथ उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी के माध्यम से भी दी जाएगी।

सीबीटी के लिए परीक्षा की अवधि और प्रश्नों की संख्या नीचे दी गई है :

परीक्षा अवधि मिनट में	प्रश्नों की संख्या (प्रत्येक 1 अंक)				प्रश्नों की कुल संख्या
	सामान्य विज्ञान	गणित	सामान्य बुद्धिमता एवं तर्कशक्ति	सामान्य जानकारी और समसामयिक विषय	
90*	25	25	30	20	100

* स्क्राइब के साथ आए हुए पात्र दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए परीक्षा की अवधि 120 मिनट की होगी।

उपरोक्त तालिका में दिए गए खंडवार वितरण केवल सांकेतिक है तथा वास्तविक प्रश्न पत्र में कुछ अंतर हो सकता है।**इसमें नकारात्मक अंकन होगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक काट लिए जाएंगे।**
विभिन्न श्रेणियों में शॉर्टलिस्टिंग के लिए अंको का न्यूनतम प्रतिशत : यूआर – 40%, ईडब्ल्यूएस - 40%, ओबीसी-एनसीएल - 30%, एसी - 30%, एसटी - 30%, पीडब्ल्यूवीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियों के विरुद्ध पीडब्ल्यूवीडी उम्मीदवार के अभाव में उनकी पात्रता हेतु 2 अंकों की छूट दी जाएगी।
जहाँ दूसरे चरण की सीबीटी आयोजित करना आवश्यक समझा जाता हो, वहाँ रेल प्रशासन को यह अधिकार है कि वह पहले चरण की सीबीटी को दूसरे चरण के लिए उपयुक्त संख्या में उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग के उद्देश्य से अर्हक परीक्षा मान ले।

प्रश्न का प्रकार एवं पाठयक्रम :

वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे तथा इनमें निम्नलिखित विषयों से संबंधित प्रश्न शामिल किए जा सकते हैं :

a. **गणित :** संख्या पद्धति, बॉडमास, दशमलव, भिन्न, एलसीएम, एचसीएफ, अनुपात एवं समानुपात, प्रतिशतता, क्षेत्रमिति, समय और कार्य, समय और दूरी, साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज, लाभ एवं हानि, बीजगणित, ज्यामिति एवं त्रिकोणमिति, प्रारंभिक सांख्यिकी, वर्गमूल, आयु-गणना, कैलेंडर एवं क्लॉक, नल एवं टंकी इत्यादि।

b. **सामान्य बुद्धिमता और तर्कशक्ति :**
अनुरूपता, वर्णानुक्रम एवं संख्या श्रृंखला, कोडिंग और डिकोडिंग, गणितीय संक्रियाएं, संबंध, प्रतीको द्वारा प्रस्तुति, जम्बलिंग, वेन आरेख, आंकड़ा निर्वचन और पर्याप्तता, निष्कर्ष एवं निर्णयन, समानताएं और अंतर, विश्लेषणात्मक तर्कशक्ति, वर्गीकरण, दिशाएं, कथन – तर्क एवं धारणाएं आदि।

c. **सामान्य विज्ञान :**
इसके अंतर्गत पाठयक्रम में दसवीं स्तर (सीबीएसई) के भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान के प्रश्न शामिल होंगे।

d. **समसामयिक विषयों पर सामान्य जानकारी :**इसके अंतर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेलकूद,संस्कृति, व्यक्ति विशेष, अर्थशास्त्र, राजनीति एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित प्रश्न होंगे।

यह उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त सूचीबद्ध विषय व्याख्यात्मक हैं और जरुरी नहीं कि यह विस्तृत हों।

अब गूगल पर हमेशा sarkaridisha.com ही टाइप करें
Join सरकारी दिशा Whatsapp Group- 9818573894